खेल मंडल
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
302 004 (Raj.)

0141-2711150 (O)
2704805 (O)Tele Fax 0141-
2711150 (O)

डॉ. प्रतिभा सिंह रत्नू
सचिव

Email: universityofrajasthansports@gmail.com

No. USB/2026/618 **Date: 21.08.2026**

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष,
समस्त निदेशक/प्रभारी, शारीरिक शिक्षा,
संघटक महाविद्यालय,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषय : राष्ट्रीय खेल दिवस–2026 के अवसर पर दिनांक 28 से 30 अगस्त, 2026 तक खेल गतिविधियों/कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में।
संदर्भ :शासन सचिव, माननीय राज्यपाल, राजस्थान के पत्र क्रमांक एफ.1(ए)(5)आरबी/2026/4844 दिनांक 18.08.2026।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराया जाता है कि प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2026 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत "खेलेगा भारत, जीतेगा भारत" विषयवस्तु पर दिनांक 28 अगस्त से 30 अगस्त, 2026 तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।
अतः माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार राजस्थान विश्वविद्यालय के समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/विभागों के निदेशक/प्रभारी, शारीरिक शिक्षा को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने–अपने महाविद्यालय/विभाग में उक्त अभियान के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं, खेल टूर्नामेंट, फिटनेस गतिविधियों एवं अन्य खेल संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक **28 से 30 अगस्त, 2026** तक करवाना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रमों में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा उपलब्ध खेल सुविधाओं एवं संसाधनों के अनुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ एवं गतिविधियाँ आयोजित की जाएँ। साथ ही, विद्यार्थियों को नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाए।

आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त रिपोर्ट, प्रतिभागियों का विवरण तथा कार्यक्रम के फोटोग्राफ स्पोर्ट्स बोर्ड, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, ताकि विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित गतिविधियों का समेकित विवरण तैयार किया जा सके।

अतः सभी संबंधित निदेशक/प्रभारी, शारीरिक शिक्षा उक्त निर्देशों की पालना करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस–2026 के अवसर पर निर्धारित अवधि में खेल गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ. प्रतिभा सिंह रत्नू)
सचिव खेल मंडल

No. USB/2026/618-620 **Date: 21.08.2026**

प्रतिलिपी आवश्यक सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक एवं महाविद्यालयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. समस्त निदेशक/प्रभारी, शारीरिक शिक्षा को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. कार्यालय प्रति।

Secretary
University Sports Board
University of Rajasthan, Jaipur

(डॉ. प्रतिभा सिंह रत्नू)
सचिव खेल मंडल

Scanned with OKEN Scanner